हरिभूमि
नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 7 सितंबर 2026
नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

06 छात्रावास में शिक्षक दिवस पर शिक्षिकाओं का किया...



08 मनोहरलाल शर्मा की स्मृति में परशुराम शिक्षा रत्न...



नपा इटारसी एवं शिक्षक कल्याण संगठन के सहयोग से लगातार 10 वें वर्ष में अतिथियों ने 120 शिक्षकों का किया सम्मान

जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी रहे उपस्थित

अतिथि बोले, शिक्षक ही हैं भारत के असली राष्ट्र निर्माता, वे सम्मान के पात्र

नपा ने शिक्षक कल्याण संगठन के सहयोग से 'शिक्षक सम्मान समारोह-का भव्य आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शिक्षक केवल ज्ञान नहीं देता, बल्कि वह समाज और राष्ट्र के भविष्य का शिल्पकार होता है। इसी कृतज्ञता को मूर्त रूप देते हुए नगर पालिका परिषद इटारसी ने शिक्षक कल्याण संगठन के सहयोग से 'शिक्षक सम्मान समारोह-2026' का भव्य आयोजन किया। लगातार 10 वें वर्ष यह गरिमामयी आयोजन पंडित भवानी प्रसाद मिश्र ऑडिटोरियम में संपन्न हुआ, जिसमें नगर के 120 उत्कृष्ट शिक्षक-शिक्षिकाओं को सम्मानित कर नगर पालिका ने एक अनुकरणीय उदाहरण पेश किया।

इन 120 शिक्षकों का हुआ भव्य सम्मान

समारोह में डॉ. आशुतोष मालवीय, सुरेश कुमार गुप्ता, डॉ. मुकेश चंद्र बिष्ट, स्नेहांशु सिंह, राम कुमार उइके, विद्यावती सूर्यवंशी, आलोक डेनियल, जयमाला कंसोटिया, अलकेश कुमार पूर्वी, विजय खापरे, प्रदीप अहिरवार, अनुराग पटेल, टी. पार्वती, अनुराधा मिश्रा, मालती चौधरी, दीपक कुमार सोनी, आशीष श्रीवास, संतोष कुमार राणा, जन्मेजय सिंह, उर्मिला कलोसिया, गुलाब साहू, हीरा सोलंकी, नीतू चौहान, निशा साहू, प्रतिज्ञा चौहान, सुनीता मेहरा, मंजू महतो, सुशीला सोनी, अंजना कुलश्रेष्ठ, वर्षा सीरिया, मनोज तिवारी, प्रियंका मालवीय, निधि दुबे, अनुराग दीवान, पायल ठाकुर, पूनम राय, पूजा सोनी, मृणाल पांडे, वर्षा मोरे, कुसुमलता उदयवाल, माधवी बेदी, आरती चौधरी, अंजना जैन, आयुषी जायसवाल, सीमा जनोरिया, निकिता लोवे आदि शामिल हैं।



शिक्षक बनना सौभाग्य की बातः विधायक

मुख्य अतिथि, विधायक एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीतासरन शर्मा ने कहा कि शिक्षक बनना सौभाग्य का विषय है। पीढ़ियों को गढ़ने वाले शिक्षक का सम्मान केवल एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि ज्ञान और संस्कार देने वाली पूरी परंपरा का सम्मान है।

शिक्षक देश के नायकः सांसद दर्शन सिंह

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नर्मदापुरम-नरसिंहपुर सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने स्वामी विवेकानंद का स्मरण करते हुए शिक्षकों को भारत का नायक बताया। उन्होंने कहा कि एक गुरु शिष्य की दिशा बदलकर देश को श्रेष्ठ नागरिक सौंपता है।

आधुनिक शिक्षा के साथ संस्कार आवश्यकः कलेक्टर

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बदलते समय में आधुनिक ज्ञान के साथ संस्कार, अनुशासन और जिम्मेदारी का बोध कराने में शिक्षकों की भूमिका सर्वोपरि है।समारोह में एसडीएम नीलेश शर्मा, नगर मंडल अध्यक्ष राहुल चौरे, भाजपा जिला महामंत्री मुकेश चंद्र मैना, ज्योति चौरे, नपा उपाध्यक्ष निर्मल सिंह राजपूत, योगेन्द्र सिंह राजपूत, सभापति राकेश जाधव, मनजीत कलोसिया, पार्षद कीर्ति दुबे, अमित विश्वास, कुंदन गौर, तुलसा वर्मा, दिलीप गोस्वामी, सीमा भदौरिया, देवेन्द्र पटेल, एल्डरमैन आशीष कुमार मालवीय, नरेश मेघानी, संजीव हूरा, अतुल शुक्ला, जसवीर सिंह छाबड़ा, पिंटू अग्रवाल, कार्यपालन यंत्री मीनाक्षी चौधरी, इंजीनियर सोनिका अग्रवाल आदि शामिल रहे।

राष्ट्र की आधारशिला हैं : माया नारोलिया

विशिष्ट अतिथि राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने अपने जीवन के अनुभव साझा करते हुए शिक्षा को राष्ट्र निर्माण का सबसे सशक्त आधार बताया। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रीति शुक्ला ने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों के जीवन को दिशा देकर देश की उन्नति की नींव मजबूत करते हैं।

यह सम्मान पूरे नगर का गौरवः नपाध्यक्ष चौरे

नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने कहा कि यह परिषद का सौभाग्य है कि विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा की प्रेरणा व निर्देशन में हम लगातार 10 वें वर्ष शिक्षकों का अभिनंदन कर रहे हैं। समाज को दिशा देने वालों का सम्मान करना पूरे नगर का गौरव है।

महिला पर बंदर का जानलेवा हमला, सिर में आई गंभीर चोट

ग्राम केसला में बंदरों का खौफ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



ग्राम केसला में बंदरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। शनिवार को घर के अंदर बर्तन साफ कर रही एक महिला पर बंदर ने अचानक हिंसक हमला कर दिया। इस घटना में महिला के सिर और कान में गंभीर चोटें आईं। घायल महिला को प्राथमिक उपचार के लिए सुखतवा शासकीय अस्पताल ले जाया गया, जहां से स्थिति को देखते हुए उसे इटारसी रेफर कर दिया गया। इटारसी में इलाज के दौरान महिला के सिर में चार टांके लगाए गए, जिसके बाद परिजन उसे वापस घर ले आए।

बंदरों के आतंक से गांव में दहशत का माहौल

गांव में बंदरों की बढ़ती संख्या और आक्रामकता के कारण अब लोगों का अपने घरों में भी रहना असुरक्षित हो गया है। इससे पहले भी बंदर 7 से 8 लोगों को काटकर घायल कर चुके हैं। बंदरों के खौफ से जहां स्कूली बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है, वहीं किराना, फल-सब्जी और नाश्ता बेचने वाले व्यापारी भी भारी नुकसान उठा रहे हैं। उनके रोजमर्रा के कामकाज पर इसका सीधा असर पड़ रहा है।

समाधान के लिए एकजुट हुए ग्रामीण

बंदरों के बढ़ते हमलों से त्रस्त होकर ग्रामवासियों ने इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए कदम उठाने का फैसला किया है। आज रविवार को गांव में एक सामूहिक बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें आगे की रणनीति तय होगी। इसके बाद सोमवार को ग्रामीण एकजुट होकर संबंधित विभाग को एक औपचारिक आवेदन सौंपेंगे। इसमें मांग की जाएगी कि जल्द से जल्द इन बंदरों को सुरक्षित तरीके से पकड़कर जंगल में छोड़ा जाए, ताकि कोई और बड़ी अप्रिय घटना न घटे।

पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह से कांग्रेस नेताओं ने की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह का इटारसी रेल्वे स्टेशन पर भोपाल से रीवा जाते हुए जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष विजय बाबू चौधरी व प्रदेश कांग्रेस महासचिव राजकुमार केलू उपाध्याय के नेतृत्व में स्वागत कर मुलाकात चर्चा की। इस अवसर पर युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता गुफरान अंसारी, पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष कांग्रेस नेता पंकज राठौर, सरपंच नवल पटेल, शेख जावेद, मो.कादिर लक्की, मुकेश पिंकी शर्मा, रामशंकर साध, मनोज चौधरी सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।

भारी बारिश में भी नहीं थमा समाज का संकल्प देवा माई मंदिर परिसर में चला स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



अखिल भारतीय कायस्थ समाज मातृशक्ति एवं पुरुष द्वारा प्रत्येक रविवार को विगत चार वर्षों से स्वच्छता और पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है। हर रविवार घाटों पर जाकर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही पौधारोपण भी किया जा रहा है।स्वच्छता एवं पौधारोपण अभियान के तहत रविवार को सदर बाजार स्थित रामजी बाबा समाधि एवं देवा माई मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया । समाजजनों ने मंदिर परिसर की साफ-सफाई करने के बाद परिसर के सामने विभिन्न प्रजातियों के पौधे भी रोपे।इस अवसर पर ज्योति वर्मा, प्रीती खरे, मंजू वर्मा , सुमन वर्मा , रितु श्रीवास्तव, जानकी, प्रिया श्रीवास्तव, नगर पालिका उपाध्यक्ष अभय वर्मा , सुनील राय , राजेंद्र श्रीवास्तव, मनोज वर्मा, देवा भाई मंदिर के पुजारी श्री विश्वकर्मा , लालता प्रसाद , आदित्य, सीबी खरे , आशा राजपूत, श्रीमती ममता तिवारी, राधा गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित थे।इस मौके पर प्रखर समाजसेवी सुनील राय ने कहा कि स्वच्छता केवल किसी एक व्यक्ति या संस्था की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह हम सभी का दायित्व है।

भारोत्तोलन में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम एसडीओपी ने खिलाड़ियों का किया उत्साह वर्धन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



माँ नर्मदा भारोत्तोलन समिति, नर्मदापुरम के तत्वावधान में भारोत्तोलन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु एवं वजन वर्गों के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।प्रतियोगिता में 10 वर्ष से कम, 10 से 15 वर्ष, 15 से 20 वर्ष तथा सीनियर वर्ग के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न स्थान एवं पुरस्कार प्राप्त किए। प्रतियोगिता में सर्वाधिक 90 किलोग्राम वजन उठाने वाले अशोक तोमर को "सर्वाधिक वजन उठाने" के विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एसडीओपी जितेंद्र पाठक उपस्थित रहे।

उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें निरंतर मेहनत कर खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर भाजपा खेल प्रकोष्ठ के जिला संयोजक आलोक राजपूत ने प्रतियोगिता की जानकारी दी।

नाबालिग बालिका को राजस्थान के भीलवाड़ा से किया गया दस्तयाब, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

माखन नगर पुलिस ने बताया 22 अगस्त को ग्राम सांगाखेड़ा कलां, निवासी फरियादी द्वारा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी नाबालिग पुत्री घर से बिना बताए कहीं चली गई है। परिजनों द्वारा मोहल्ले, गांव एवं रिश्तेदारी में तलाश करने के बावजूद उसका कोई पता नहीं चला।

फरियादी द्वारा आशंका व्यक्त की गई कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर ले जाया गया है।

फरियादी की रिपोर्ट पर थाना माखन नगर में धारा 137(2) बीएनएस के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

घटना के बाद से ही अपहता एवं अज्ञात आरोपी की तलाश लगातार की जा रही थी। तलाश के दौरान गांव के ही राहुल कहार पर संदेह होने पर उसके संबंध में जानकारी एकत्रित की गई। घटना के बाद से संदेही द्वारा अपना मोबाइल नंबर बंद कर लिया गया था, जिस कारण पुलिस द्वारा लगातार तकनीकी साक्ष्यों के माध्यम से उसकी गतिविधियों की जानकारी जुटाई जा रही थी। साइबर सेल से प्राप्त तकनीकी एवं अन्य संकलित साक्ष्यों का विश्लेषण किया गया, जिससे अपहर्ता और संदेही के राजस्थान में होने के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई।

प्राप्त सूचना पर तत्काल एक विशेष पुलिस टीम गठित कर राजस्थान रवाना की गई। पुलिस टीम 4 सितंबर को शिवाजी नगर चौकी नानकपुरा, थाना मंडल, जिला भीलवाड़ा, राजस्थान पहुंची। स्थानीय पुलिस स्टाफ के सहयोग से शिवाजी नगर क्षेत्र में तलाश-पतारसी की गई, जहां नाबालिग बालिका एवं आरोपी राहुल कहार मिले। आरोपी राहुल कहार पिता हेमराज केवट, उम्र 24 वर्ष, निवासी ग्राम सांगाखेड़ा कलां को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी माखन नगर निरीक्षक कंचन सिंह, सउनि गोपाल पाल, प्रआर अजय रघुवंशी आदि की भूमिका रही।

नर्मदा कॉलेज में विद्यार्थियों ने किया शिक्षकों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पीएमसीओई शासकीय नर्मदा महाविद्यालय के इतिहास विभाग में शिक्षक दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों ने एक गरिमामय कार्यक्रम आयोजित कर शिक्षकों का सम्मान किया।

कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए विचार रखे और कविता-पाठ प्रस्तुत किया। प्राचार्य डॉ. आर.के. चौकसे ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि शिक्षक की मेहनत तब सफल होती है, जब छात्र किसी मुकाम पर पहुंचते हैं।

डॉ. कल्पना विश्वास ने विद्यार्थियों को निरंतर सीखने, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। डॉ. नरेंद्र पाण्डेय ने शिक्षकों से प्राप्त मूल्यों को अपनाकर राष्ट्र विकास में योगदान देने का आह्वान किया। सुमेर सिंह ने शिक्षक विद्यार्थियों के जीवन में मार्गदर्शक की भूमिका निभाते हैं, यह बात कही।

इस दौरान डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन पर एक लघु फिल्म भी दिखाई गई। कार्यक्रम का संचालन धर्मेंद्र ने किया। इस अवसर पर नेहा, पायल, आयुष, अश्विनी, पूजा, दुर्गा, रिया, वैष्णवी और पाखी सहित अन्य विद्यार्थियों ने सहभागिता की। अंत में सभी ने शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

शिक्षक दिवस पर भारत विकास परिषद ने शिक्षकों का पुष्पहारों से किया भावपूर्ण सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



भारत विकास परिषद, नर्मदापुरम शाखा, मध्य भारत दक्षिण प्रांत द्वारा सेवा, संस्कार, सामाजिक सरोकार एवं सम्मान की अपनी सतत परंपरा को आगे बढ़ाते हुए शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षकों के सम्मान का भावपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया।


कार्यक्रम का आयोजन शासकीय प्राथमिक शाला, कमिश्नर कॉलोनी, नर्मदापुरम में किया गया, जिसमें शहर के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों को आमंत्रित कर उनका स्वागत एवं सम्मान किया गया। परिषद के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उन्हें राष्ट्र निर्माण का महत्वपूर्ण आधार बताया।

परिषद की प्रांत महिला संयोजक वंदना शर्मा, सुभाष बरेले, राकेश चौहान, सचिव नलिन पटेल सहित अन्य सदस्यों ने शिक्षकों का तिलक, पुष्पमाला एवं सम्मान के साथ अभिनंदन किया। कार्यक्रम में शासकीय माध्यमिक शाला मालाखेड़ी से पूर्णिमा शर्मा, एन.पी. बरेले, सीमा शर्मा, राजेश्वरी मालवीय एवं अनीता अवस्थी, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, नर्मदापुरम से डॉ. भारती मिश्रा एवं हरिशंकर बरगले तथा शासकीय प्राथमिक शाला, कमिश्नर कॉलोनी से रत्ना बरेले एवं रूपसिंह सोलंकी उपस्थित रहे।

सोमवार और शिव-योग का बन रहा दुर्लभ महासंयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर में गणेशोत्सव की तैयारी शुरू हो गई । इस बार भगवान गणेश का आगमन भाद्रपद शुक्ल पक्ष चतुर्थी 14 सितंबर दिन सोमवार हो रहा है। आचार्य शुभम दुबे जी ने बताया कि उस दिन अनेक अनेक शुभ योग बन रहे हैं 1 मूर्ति बनाने का काम अंतिम दौर में चल रहा है। वहीं विभिन्न समितियां पंडाल सहित अन्य तैयारियां को लेकर बैठक का दौर शुरू हो गया है ।



इस बार का गणेशोत्सव धार्मिक दृष्टि से बेहद खास माना जा रहा है, क्योंकि इस दिन अनेक अनेक अद्भुत और शुभ संयोग एक साथ बन रहे हैं। भगवान गणेश का जन्मोत्सव इस बार सोमवार को पड़ रहा है। जो कि सोमवार का दिन उनके पिता भगवान शिव जी को समर्पित है। पुराणों के अनुसार सोमवार को चतुर्थी होने से चंद्र देव और शिव-गणेश दोनों की विशेष कृपा प्राप्त होती है। इस दिन सभी कार्यों में सफलता दिलाने वाला सर्वार्थ सिद्धि योग और रवि योग का भी शुभ संयोग बन रहा है, जो नए कार्यों की शुरुआत, व्यापार और खरीदारी के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है। आचार्य दुबे ने बताया कि गणेश चतुर्थी के दिन चंद्र दर्शन को वर्जित माना गया है। इस लिए चन्द्र दर्शन ना करे क्योंकि चंद्र दर्शन से मिथ्या कलंक लगता है। इस महोत्सव का समापन 25 सितंबर को अनंत चतुर्दशी के दिन बप्पा के विसर्जन के साथ होगा।

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद ने किया कार्यक्रम आयोजित

इटारसी शहर की मुस्कान बालिका गृह की बेटियों ने मिट्टी के गणेशजी बनाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के एमएसडब्ल्यू एवं बीएसडब्ल्यू विद्यार्थियों तथा परिषद के कार्यकर्ताओं ने मुस्कान बालिका गृह में पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान विद्यार्थियों एवं कार्यकर्ताओं ने संस्था की बालिकाओं के साथ मिलकर प्राकृतिक मिट्टी से भगवान श्रीगणेश की सुंदर प्रतिमाओं का निर्माण किया।

कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को पर्यावरण के अनुकूल गणेशोत्सव मनाने के लिए प्रेरित करना तथा प्लास्टर ऑफ पेरिस और रासायनिक रंगों से बनी प्रतिमाओं के विसर्जन से जल स्रोतों एवं पर्यावरण को होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक करना था। परिषद के विद्यार्थियों एवं कार्यकर्ताओं ने बालिकाओं को मिट्टी से गणेश प्रतिमा बनाने की विधि समझाई। बालिकाओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी कल्पना और रचनात्मकता से भगवान गणेश की आकर्षक प्रतिमाएं तैयार कीं।

इस अवसर पर बालिकाओं को स्वच्छता, जल संरक्षण, पौधरोपण, प्लास्टिक का कम उपयोग और प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा के विषय में जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि प्राकृतिक मिट्टी से बनी प्रतिमाएं विसर्जन के बाद आसानी से पानी में घुल जाती हैं और पर्यावरण को नुकसान नहीं पहुंचातीं। धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों में पर्यावरण अनुकूल सामग्री अपनाकर प्रकृति और जल स्रोतों को सुरक्षित रखा जा सकता है।

कार्यक्रम में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के एमएसडब्ल्यू एवं बीएसडब्ल्यू विद्यार्थी, परिषद के कार्यकर्ता, सामाजिक कार्यकर्ता तथा मुस्कान बालिका गृह के पदाधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। संस्था की ओर से परिषद के विद्यार्थियों एवं कार्यकर्ताओं की इस रचनात्मक और पर्यावरण हितैषी पहल की सराहना करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया गया।

शिक्षा वह है, जो हमें ज्ञान के साथ संस्कार दे : भावनामति

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



शिक्षकों ने केवल हमें पढ़ाया ही नहीं, बल्कि जीवन को समझने की दृष्टि भी दी। शिक्षक केवल वह नहीं है, जो हमें किताबों का ज्ञान दे। सच्चा शिक्षक वह है, जो विद्यार्थी के भीतर छिपी प्रतिभा को पहचानकर उसे सही दिशा प्रदान करे। शिक्षा का उद्देश्य केवल अच्छी नौकरी प्राप्त करना नहीं, बल्कि एक अच्छा मनुष्य बनना भी है।

यह बात आर्यिका भावनामति ने कही। महावीर भवन में उन्होंने कहा कि आज के समय में कहीं-कहीं शिक्षा का अर्थ अंक, डिग्री, प्रतियोगिता और रोजगार तक सीमित होता जा रहा है। लेकिन भारतीय संस्कृति में शिक्षा का अर्थ इससे कहीं व्यापक है। आर्यिका भावनामति ने समाज को उद्बोधन देते हुए कहा कि शिक्षा वह है, जो हमें ज्ञान के साथ संस्कार, बुद्धि के साथ विवेक और सफलता के साथ सदाचार प्रदान करे।

आर्यिका भावनामति ने बताया कि आचार्य गुरुवर विद्यासागर महाराज हमेशा कहते थे— "बच्चों की पीठ पर शिक्षा का बोझ है, किंतु बोध नहीं।" अर्थात शिक्षा केवल किताबों का भार न बने, बल्कि हमारे जीवन में बोध पैदा करे। शिक्षा ऐसी हो, जो हाथों में हुनर, मस्तिष्क में विवेक और हृदय में संस्कार पैदा करे। शिक्षा केवल अर्थोपार्जन के लिए नहीं, बल्कि परमार्थ और आत्मोन्नति के लिए भी होनी चाहिए।

खबर संक्षेप

ट्रेन से गिरकर बिहार के यात्री की मौत

बैतूल। ट्रेन से गिरकर गंभीर रूप से घायल हुए बिहार के 40 वर्षीय यात्री की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान भोला पासवान निवासी बीघा गांव, जिला नालंदा के रूप में हुई है। वह ट्रेन नंबर 19622 से दानापुर से बेंगलुरु के जनरल कोच में सफर कर रहा था। बाथरूम से लौटते समय वह ट्रेन के गेट के पास पहुंचा। इसी दौरान धाराखोह-मरामझिरी के बीच खंभा नंबर 838/2 के पास वह डाउन ट्रैक पर गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलने के बाद जीआरपी आरक्षक दिलीप नरवरे मौके पर पहुंचे और घायल यात्री को रेस्क्यू कर जिला अस्पताल पहुंचाया। गंभीर हालत को देखते हुए उसे आईसीयू में भर्ती किया गया था। रात में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। भोला पासवान के साथ उसका भतीजा भी यात्रा कर रहा था। हादसे के बाद से पुलिस उसके परिजनों के पहुंचने का इंतजार कर रही है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार, परिजनों के पहुंचने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। पुलिस मृतक के परिजनों से संपर्क करने का प्रयास कर रही है। फिलहाल परिजनों के नहीं पहुंचने के कारण मृतक की फोटो और अन्य जानकारी उपलब्ध नहीं हो सकी है।

टीईटी की अनिवार्यता खत्म करने की मांग

बैतूल। मध्यप्रदेश में लंबे समय से सेवा दे रहे शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) की अनिवार्यता से मुक्त करने की मांग जोर पकड़ रही है। अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा बैतूल ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपकर तमिलनाडु और जम्मू-कश्मीर की तर्ज पर प्रदेश के सेवारत शिक्षकों को टीईटी से स्थायी राहत देने की मांग की है। मोर्चा का कहना है कि वर्तमान व्यवस्था से वर्षों से सेवा दे रहे शिक्षकों के सामने नौकरी, पदोन्नति और अन्य सेवा लाभों को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। मोर्चा ने ज्ञापन में कहा कि कई शिक्षकों की नियुक्ति उस समय लागू नियमों और निर्धारित शैक्षणिक योग्यताओं के आधार पर हुई थी। ऐसे में वर्षों की सेवा के बाद टीईटी की अनिवार्यता लागू होने से शिक्षकों पर अनावश्यक दबाव बढ़ रहा है। शिक्षकों ने मांग की है कि राज्य विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया जाए और केंद्र सरकार को आरटीई अधिनियम, 2009 की धारा 23 में आवश्यक संशोधन के लिए प्रस्ताव भेजा जाए। ज्ञापन में तमिलनाडु का उदाहरण देते हुए कहा गया कि वहां 23 अगस्त 2010 से पहले नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से राहत देने के लिए विधानसभा ने केंद्र से आरटीई अधिनियम में संशोधन का आग्रह किया था। इसी आधार पर मध्यप्रदेश में भी सेवारत शिक्षकों के हित में पहल करने की मांग की गई है। इधर, स्थानीय विधायक ने स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह से फोन पर इस मुद्दे पर चर्चा की। मंत्री ने बताया कि सरकार इस मामले को लेकर न्यायालय की शरण में गई है और वरिष्ठ अधिवक्ताओं से लगातार परामर्श किया जा रहा है। उन्होंने समस्या का समाधान निकालने के लिए सकारात्मक प्रयास किए जाने की बात कही। शिक्षकों ने मांग की है कि अंतिम निर्णय होने तक राज्य सरकार उनके सेवा हितों की सुरक्षा के लिए अंतरिम व्यवस्था करे। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला संयोजक विनय सिंह राठौड़, भीम धोटे, मदन डडोरे और राजेंद्र प्रसाद साहू सहित बड़ी संख्या में अध्यापक एवं अध्यापिकाएं मौजूद रहे।

सार्वजनिक पोला उत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न

बैतूल। स्व. रतनलाल साहू (कोल्हे) की स्मृति में पोला उत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक व्यापारी संघ, टेंट एसोसिएशन, मां कर्मा साहू समाज नगर समिति के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुई। इस संबंध में आयोजक ओमप्रकाश, किशोर साहू, नरेश चन्द्र साहू ने बताया कि 10 सितम्बर, गुरुवार को नंदी चौक गंज में 109वां पोला उत्सव तोरण एवं नंदी पूजन शाम 6 बजे धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसके लिए सभी को जिम्मेदारियां सौंपी गई है।

जिले के कई जलाशय आधे भी नहीं भरे, औसत बारिश पूरी होने पर भी संशय

छलका माचना एनीकेट, अब नपा को दिसंबर तक की नो-टेंशन...!



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

अल्पवर्षा और आगामी जलसंकट की आशंका को देखते हुए नगरपालिका ने इस बार वर्षाकाल खत्म होने से पहले ही माचना एनीकेट के गेट बंद कर दिये थे। ताकि नदी में उपलब्ध पानी को रोका जा सके, लेकिन अब मौसम ने करवट बदली है। नदी के ऊपरी क्षेत्र में हुई अच्छी बारिश के कारण माचना में पानी की आवक बढ़ गई है और गेट बंद होने के बावजूद डैम ओवरफ्लो होकर छलक रहा है। डैम के गेटों से पानी लगातार बह रहा है। एक ओर जिले में बारिश पिछले साल की तुलना में 218.5 मिमी मिमी कम है और कई जलाशय अब भी पर्याप्त नहीं भर पाए हैं, वहीं माचना डैम का पानी रोकने की तैयारी अब ओवरफ्लो की स्थिति में बदल गई है। जिससे नगरपालिका ने राहत की सांस ली है। बता दे कि माचना एनीकेट की जल भंडारण क्षमता करीब 0.73 एमसीएम है। जहां से शहर के सभी वार्डो में पानी की सप्लाई की जाती है। लेकिन नगरपालिका ने भविष्य के पेयजल संकट को देखते हुए अगस्त में ही गेट बंद कर दिए थे। अब आमला क्षेत्र में हुई बारिश के बाद नदी में फिर पानी आया तो डैम ओवरफ्लो होने लगा। विडंबना यह है कि माचना डैम छलक रहा है, लेकिन जिले के कई जलाशय अब भी आधे तक नहीं भर पाए हैं। इससे साफ है कि केवल एक-दो क्षेत्रों में हुई अच्छी बारिश को पूरे जिले की बेहतर जल स्थिति का पैमाना नहीं माना जा सकता। भादो शुरू हो चुका है और अब जिलेवासियों की निगाहें शेष मानसूनी बारिश पर टिकी हैं।

दिसंबर माह तक नपा को राहत

माचना एनीकेट ओवरफ्लो होने के बाद नगरपालिका को राहत मिली है। माचना एनीकेट भर जाने से दिसंबर-जनवरी तक इसका पानी शहर में सप्लाई किया जा सकता है। बताया जाता है कि नगरपालिका ताप्ती बैराज से 70 प्रतिशत और 30 प्रतिशत माचना एनीकेट का पानी लेकर शहर में सप्लाई करती है। इस प्रकार एनीकेट का पानी दिसंबर-जनवरी माह तक चल जाता है। इसके बाद पानी की आपूर्ति को बनाये रखने के लिए लाखापुर डैम से पानी लेकर शहर में जलापूर्ति बनाई जाती है। हालांकि पहले माचना एनीकेट ही शहरवासियों के लिए लाइफ लाइन था। पूरे शहर को इसी एनीकेट से पानी की सप्लाई की जाती थी। ताप्ती बैराज बनने के बाद अब वहां से आने वाला पानी सप्लाई किया जाता है। इसके बावजूद माचना एनीकेट का महत्व कम नहीं हुआ है। अभी भी ताप्ती बैराज से पानी लेने में कोई भी परेशानी आने पर माचना एनीकेट ही बैकअप का काम करता है।

बारिश का मौसम खत्म होने के बाद बंद होते थे गेट

माचना एनीकेट में 10 गेट हैं। बारिश के शुरू होते ही एनीकेट के सभी गेट खोल दिए जाते हैं और बारिश खत्म होने के बाद इन गेटों को लगाया जाता था, लेकिन इस साल अल्पवर्षा की वजह से अगस्त में ही गेट पूरी तरह बंद कर दिये गये। बताया जाता है कि बारिश के दौरान बाढ़ में भारी मात्रा में गंदगी, कचरा, झाड़ियां और लकड़ियां बहकर आती है। इन्हें एनीकेट से निकाला जाना जरूरी होता है। बाढ़ में आने वाले मोटे ठूंठ और अन्य भारी ठोस वस्तुओं के कारण डैम की दीवारों के क्षतिग्रस्त होने का खतरा भी बना रहता है। इन कारणों से भी गेट खोलना जरुरी हो जाता है। इस साल भी बारिश शुरू होने पर नगरपालिका द्वारा एनीकेट के कुछ गेट खोल दिए गए थे। इस दौरान एक-दो बार आई बाढ़ से यहां जमा हुई गाद, गंदगी, लकड़ियां, झाड़ियां एनीकेट से बही भी थी। गेट नहीं खोले जाने पर यह सब एनीकेट के भीतर ही जमा हो गए थे। इससे एनीकेट की जल भंडारण क्षमता भी कम हो रही थी।

जिले में अब तक 625 मिमी से ज्यादा बारिश

जिले में अब तक 625.9 मिमी बारिश दर्ज की गई है। पिछले साल इसी अवधि तक 834.4 मिमी बारिश हो चुकी थी। यानी इस साल बारिश का आंकड़ा 218.5 मिमी कम है। जिले की सामान्य औसत बारिश 1083.9 मिमी है। ऐसे में अब तक औसत बारिश का लगभग आधा हिस्सा ही मिल सका है। पिछले साल पूरे वर्षाकाल में 1097 मिमी बारिश हुई थी, जो सामान्य औसत से महज करीब 13.5 मिमी अधिक थी। इस बार बारिश धीमी है। यही वजह है कि अभी कहना मुश्किल है कि वर्षाकाल समाप्त होने तक जिले की सामान्य बारिश का आंकड़ा पूरा हो पाएगा या नहीं। जिले में बारिश का वितरण भी बेहद असमान है। हालात यह है कि बारिश की कमजोर स्थिति के कारण जिले के अधिकांश जलाशय 50 फीसदी भी नहीं भरे है। कुछ जलाशयों में 35 फीसदी ही पानी पहुंचा है।

अभी एक दिन के अंतराल में हो रही जल सप्लाई

शहर में 33 वार्ड है। इन वार्डो में नगरपालिका द्वारा पानी की सप्लाई की जाती है। पानी की सप्लाई के लिए शहर में 9 टंकियां हैं। इनके माध्यम से रोजाना 22 से 75 लाख लीटर पानी की सप्लाई की जाती है। अभी एक दिन के अंतराल से सप्लाई होती है। रोजाना सप्लाई के लिए और पानी की दरकार नगरपालिका को है। बता दे कि शहर के वार्डो में वर्षो से एक दिन के अंतराल में ही पानी की सप्लाई की जाती रही है। रोजाना पानी की सप्लाई के लिए नगरपालिका को जल संग्रहण के लिए अतिरिक्त व्यवस्था करना पड़ेगी। वैसे एक दिन के अंतराल में पानी सप्लाई करने पर माचना एनीकेट का पानी मार्च तक चल जाता है। मार्च के बाद लाखापुर से पानी लाकर शहर में सप्लाई व्यवस्था बनाई जाती है। लेकिन इस बार माचना एनीकेट के क्षमतानुरूप नहीं भर पाने के कारण नगर पालिका को भी पानी के लिए भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। इन्हीं सब कारणों से नपा के अधिकारी भी चिंतित नजर आ रहे हैं।

इनका कहना है -

दो दिन की बारिश के कारण माचना एनीकेट फिर से ओवरफ्लो हो रहा है। इसी तरह की स्थिति रही तो दिसंबर-जनवरी तक माचना का पानी शहर में पेयजल सप्लाई के लिए चल जायेगा।

- राहुल शर्मा, जल शाखा प्रभारी, नगरपालिका बैतूल

शाल श्रीफल देकर किया शिक्षको का सम्मान

अंबेडकर शिक्षा महाविद्यालय में मनाया शिक्षक दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

बीआर अंबेडकर शिक्षा महाविद्यालय एवं श्रीराम फार्मेसी महाविद्यालय के शिक्षको का सम्मान समारोह अंबेडकर महाविद्यालय के विशाल सभागार में आयोजित किया गया। जिसमें संचालक मंडल से धुरवप्रकाश अग्रवाल, मोहन चंद्र अग्रवाल एवं सर्वेश अग्रवाल की उपस्थिति में शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षको का सम्मान किया गया। कार्यकम में सर्वप्रथम माँ सरस्वती एवं डॉ. राधाकृष्णन की फोटो पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्जवलीत कर शुरूआत की गई।

कार्यकम में प्राचार्य रोशनी खातरकर द्वारा अपने उद्बोधन में शिक्षक के आदर्शों पर विस्तृत चर्चा कर प्रकृति को सबसे बडा शिक्षक बताया। बी.आर अंबेडकर कालेज के प्राचार्य डॉ. देशमुख ने कहा कि शिक्षक विकास की धुरी है। शिक्षा संस्कार युक्त होना चाहिए, इस पर प्रकाश डाला गया।

छात्रावास में शिक्षक दिवस पर शिक्षिकाओं का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाहपुर



नगर की कन्या उत्कृष्ट हायर सेकेंडरी विद्यालय के अंतर्गत आने वाले बालिका छात्रावास में छात्राओं द्वारा शिक्षिकाओं और छात्रावास अधीक्षक का सम्मान किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में सर्वप्रथम डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के छायाचित्र पर पूजन अर्चन किया गया। उसके बाद स्वागत गीत, बच्चों के द्वारा नृत्य प्रस्तुत किए गए। शिक्षिकाओं ने उन्हें मार्गदर्शन दिया। जिससे वह अपने जीवन को सफल बना सके।

कीटनाशक के गिलास से पिया पानी, मौत

बैतूल। झल्लार थाना क्षेत्र के लाखाझिरी गांव में 17 साल की किशोरी की मौत हो गई। परिजनों के मुताबिक, उसने गलती से उस गिलास से पानी पी लिया,



जिसमें पहले कीटनाशक रखा गया था। तबीयत बिगडऩे पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां रविवार दोपहर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतका की पहचान शिवानी पिता भाबाला बारस्कर के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, शनिवार शाम करीब 7 से 8 बजे शिवानी अपने पिता के साथ खेत में कीटनाशक छिडक़ने की तैयारी कर रही थी। कीटनाशक नापने के लिए एक गिलास में दवा निकाली गई और उसे पानी में मिलाया गया। इसके बाद पिता-पुत्री खेत में कीटनाशक का छिडक़ाव करने चले गए।

हेमंत खंडेलवाल ने की रैली की शुरुआत

सिकल सेल जागरूकता के लिए चला एक कदम बैतूल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

मां शारदा सहायता समिति बैतूल, आशा कल्प फाउंडेशन भोपाल, ताप्ती आनंद क्लब द्वारा आयोजित विशाल राज्यस्तरीय सिकल सेल जांच एवं परामर्श शिविर एवं सिकल सेल रक्त क्रांति जागरूकता रैली का भव्य आयोजन किया गया कार्यक्रम संयोजक शैलेंद्र बिहारिया, समिति अध्यक्ष हिमांशु सोनी, निमिष मालवीय, डॉ सागर बिनजाडे, महेंद्र मालवी ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल ने रक्त क्रांति की मशाल थाम रैली का प्रारंभ किया उन्होंने कहा कि शारदा समिति के कार्यक्रम अनूठे और प्रेरणादाई होते हैं। इस अवसर पर आमला सारणी विधायक डॉक्टर योगेश पंडाग्रे, कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रदेश मंत्री अतीत पवार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज हुरमाड़े, सिविल सर्जन डॉ जगदीश आदि रहे मौजूद।

ताप्ती का ओवरफ्लो होना माना जाता है अच्छी वर्षा का संकेत

जब बह निकली मां ताप्ती की जलधारा, नगर में छाया उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई।

पवित्र नगरी मुलताई में मां ताप्ती का ओवरफ्लो होना केवल प्राकृतिक घटना नहीं, बल्कि नगरवासियों के लिए उत्सव और आस्था का अवसर भी माना जाता है। ताप्ती सरोवर के तटबंधों को पार कर जब मां ताप्ती की पावन जलधारा बह निकली तो नगरवासियों के उत्साह का ठिकाना नहीं रहा। जैसे ही ताप्ती के ओवरफ्लो होने की जानकारी लोगों को मिली, बड़ी संख्या में महिला-पुरुष और श्रद्धालु ताप्ती तट पर पहुंचने लगे। इस दौरान लोग ताप्ती की बहती जलधारा का आनंद लेते और मां ताप्ती का पूजन-अर्चन करते नजर आए। ताप्ती जलधारा जब ताप्ती कुंड (सरोवर) की सीमाओं को लांघते हुए दोनों शिव मंदिरों के मध्य बनी सीढ़ियों से होकर प्राचीन ताप्ती मंदिर के समक्ष स्थित सूर्य कुंड में प्रवेश करती है, तो यह दृश्य अपने आप में आकर्षण का केंद्र बन जाता है। ताप्ती के ओवरफ्लो होने की इस प्राकृतिक घटना को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग ताप्ती तट पहुंचते हैं।



अच्छी वर्षा का माना जाता है संकेत-स्थानीय मान्यता के अनुसार ताप्ती सरोवर का ओवरफ्लो होना क्षेत्र में अच्छी वर्षा का संकेत माना जाता है। ताप्ती सरोवर और शनि सरोवर सहित क्षेत्र के कई जलस्रोतों का जलस्तर वर्षा पर निर्भर रहता है। ऐसे में ताप्ती सरोवर के छलकने से क्षेत्र में पर्याप्त बारिश और जलस्रोतों के भरने की उम्मीद बढ़ जाती है। यही कारण है कि ताप्ती का ओवरफ्लो होना अब मुलताई में एक तरह के पर्व का रूप लेता जा रहा है। जलधारा के बहने के साथ ही ताप्ती तट पर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगती है। श्रद्धालु पवित्र जल में स्नान कर मां ताप्ती का पूजन-पाठ करते हैं। वहीं उत्साही युवा गाजे-बाजे के साथ ताप्ती तट पहुंचकर खुशियां मनाते हैं। विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं की ओर से श्रद्धालुओं के लिए मिष्ठान वितरण भी किया जाता है।

तीन राज्यों की जीवनरेखा है मां ताप्ती

मां ताप्ती का मुलताई से विशेष धार्मिक और प्राकृतिक संबंध है। मुलताई स्थित ताप्ती कुंड से निकलने वाली ताप्ती नदी पूर्व से पश्चिम दिशा की ओर बहने वाली भारत की प्रमुख नदियों में शामिल है। ताप्ती नदी मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात से होकर बहती है और इन तीनों राज्यों के अनेक क्षेत्रों के लिए महत्वपूर्ण जलस्रोत एवं जीवनरेखा मानी जाती है। मुलताई के ताप्ती कुंड से निकलकर ताप्ती नदी सतपुड़ा की पर्वत श्रृंखलाओं और घाटियों से गुजरते हुए मध्य प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों को पार करती है। इसके बाद नदी महाराष्ट्र के खानदेश क्षेत्र से होकर गुजरात में प्रवेश करती है। गुजरात के सूरत सहित विभिन्न क्षेत्रों से गुजरते हुए ताप्ती अंततः खंभात की खाड़ी में जाकर अरब सागर में विलीन हो जाती है। लगभग 724 किलोमीटर की यात्रा में मां ताप्ती अनेक नगरों, गांवों और कृषि क्षेत्रों को अपने जल से समृद्ध करती हुई तीन राज्यों के जनजीवन, कृषि और संस्कृति से गहराई से जुड़ी हुई है। यही वजह है कि ताप्ती का उद्गम स्थल मुलताई धार्मिक आस्था के साथ-साथ प्राकृतिक दृष्टि से भी विशेष महत्व रखता है। ताप्ती सरोवर का छलकना यहां के लोगों के लिए अच्छी बारिश, खुशहाली और जलसमृद्धि की उम्मीद लेकर आता है।

बोदल पठार में स्कूल परिसर में साप्ताहिक बाजार पर सवाल

स्कूल परिसर में लगता है साप्ताहिक बाजार, पढ़ाई प्रभावित होने के साथ हादसे का भी डर

जहां बच्चों की पढ़ाई होनी चाहिए, वहीं सज जाता है बाजार..!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई।

ग्राम बोदल पठार में प्रत्येक शनिवार को लगने वाला साप्ताहिक बाजार इन दिनों विद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों और ग्रामीणों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि बाजार के लिए स्कूल परिसर का उपयोग किए जाने से जहां विद्यालय का शैक्षणिक वातावरण प्रभावित हो रहा है, वहीं बाजार के दौरान होने वाली भीड़भाड़ और वाहनों की आवाजाही के चलते स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता बनी रहती है। ग्रामीणों के अनुसार, शनिवार को साप्ताहिक बाजार लगने के दौरान स्कूल परिसर में बड़ी संख्या में अस्थायी दुकानें लग जाती हैं।

इससे विद्यालय परिसर में सामान्य दिनों की तुलना में अधिक चहल-पहल और भीड़ दिखाई देती है। बाजार में आने वाले लोगों की आवाजाही के कारण विद्यार्थियों को पढ़ाई के दौरान व्यवधान का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालय परिसर मूल रूप से बच्चों की शिक्षा और शैक्षणिक गतिविधियों के लिए निर्धारित है, ऐसे में वहां नियमित रूप से बाजार लगना उचित नहीं है।



बाजार के कारण मुख्य मार्ग पर भी बढ़ती है आवाजाही

ग्रामीणों ने बताया कि साप्ताहिक बाजार केवल स्कूल परिसर तक सीमित नहीं रहता, बल्कि गांव के मुख्य मार्ग के आसपास भी बाजार की गतिविधियां दिखाई देती हैं। शनिवार को बाजार के दौरान पैदल आने-जाने वाले लोगों के साथ दोपहिया और अन्य वाहनों की आवाजाही भी बढ़ जाती है। ऐसे में सडक़ पर भीड़भाड़ की स्थिति बनती है। विशेषकर स्कूल आने-जाने वाले बच्चों के समय यदि बाजार की भीड़ और वाहनों की आवाजाही बनी रहती है तो दुर्घटना की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालय के आसपास बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए बाजार के लिए व्यवस्थित और सुरक्षित स्थान निर्धारित किया जाना चाहिए।

स्कूल परिसर में दुकान लगाने को लेकर भी उठे सवाल

वहीं, कुछ ग्रामीणों ने स्कूल परिसर में दुकान लगाने की व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठाए हैं। ग्रामीणों ने स्कूल शिक्षक पर आरोप लगाया है कि परिसर में दुकान लगाने वाले कुछ लोगों से पैसे लिए जाते हैं। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है और न ही इस संबंध में किसी जांच या आधिकारिक कार्रवाई की जानकारी सामने आई है। इसलिए आरोपों की वास्तविकता जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण को लेकर ग्रामीण चिंतित

ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालय परिसर में बाजार लगने से विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए अपेक्षित शांत वातावरण नहीं मिल पाता। बाजार के दौरान होने वाली बातचीत, लोगों की आवाजाही और अन्य गतिविधियों से कक्षाओं का वातावरण प्रभावित होने की बात ग्रामीणों द्वारा कही जा रही है। उनका कहना है कि बच्चों की शिक्षा के लिए विद्यालय परिसर को शांत, सुरक्षित और व्यवस्थित रखना आवश्यक है। यदि गांव में साप्ताहिक बाजार के लिए स्थायी या वैकल्पिक स्थान उपलब्ध कराया जाता है तो बाजार भी बेहतर तरीके से संचालित हो सकता है और स्कूल की शैक्षणिक गतिविधियां भी प्रभावित नहीं होंगी।

अधिकारियों से उचित व्यवस्था कराने की मांग

ग्रामीणों ने संबंधित प्रशासनिक एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों से मामले का संज्ञान लेने की मांग की है। उनका कहना है कि स्कूल परिसर में साप्ताहिक बाजार लगाने की व्यवस्था की जांच की जाए और विद्यार्थियों की सुरक्षा एवं शिक्षा को ध्यान में रखते हुए बाजार के लिए गांव में अलग स्थान निर्धारित किया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि बाजार गांव की आवश्यक गतिविधि है, लेकिन इसके लिए ऐसा स्थान होना चाहिए जहां आम लोगों की सुविधा के साथ-साथ स्कूली बच्चों की सुरक्षा और शिक्षा भी प्रभावित न हो। अब देखना होगा कि ग्रामीणों की शिकायत और मांग पर संबंधित अधिकारी क्या कदम उठाते हैं।

इनका कहना

बोदल पठार स्कूल का मामला जानकारी में आने के बाद मैंने संबंधित शिक्षकों से बात की है और उन्हें स्कूल परिसर में दुकानें नहीं लगाए जाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, उक्त साप्ताहिक बाजार को शाला परिसर की सीमा से अलग स्थान पर लगाए जाने के लिए स्कूल प्रबंधन को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

- आशीष चंद्र शर्मा बीआरसी, मुलताई

खबर संक्षेप

विहिप ने मनाया 62वां स्थापना दिवस



माखन नगर। विश्व हिन्दू परिषद के 62 वें स्थापना दिवस पर माखन नगर ईकाई द्वारा कार्यक्रम आयोजित स्थानी परशुराम भवन में किया गया। जिसमे मध्य भारत प्रांत सह मंत्री जितेंद्र सिंह का उद्बोधन प्राप्त हुआ जिला संघठन मंत्री उमेश पारासर ने विहिप के स्थापना कैसे क्यों हुई इसकी जानकारी देते हुए बताया हिंदू समाज को संगठित एवं सशक्त बनाने का संकल्प के साथ परिषद की स्थापना की गई थी लक्ष्य को तभी प्राप्त किया जा सकता है जब समाज का प्रत्येक वर्ग संगठन के साथ मिलकर कार्य करें हिंदू जीवन मूल्यों के प्रति आस्था रखने वाली विश्व कल्याण के लिए अजय हिंदू शक्ति खड़ी करने के उद्देश्य से 62 वर्ष पूर्व जन्माष्टमी पर्व पर विश्व हिंदू परिषद की स्थापना हुई थी। कार्यक्रम में विहिप अध्यक्ष दिनेश शर्मा मंत्री अशोक वर्मा बजरंगदल अध्यक्ष अमित मिश्रा संत सुनील परसाई, आशीष गुरु इंद्रपाल जाट, राजेश मीणा, संतोष अग्रवाल, जगदीश शर्मा, संजेश मीणा आदि धर्म प्रेमी बंधु उपस्थित हुए।

निगम सहायक प्रबंधक बोले शासन स्तर पर पेवर्स बिछवाने के लिए प्रस्ताव भेजा

स्टेट हाईवे के सुधार के लिए मप्र सड़क विकास निगम लगाएगा पेवर्स ब्लॉक

सीएम राइज़ स्कूल के निर्माणाधीन भवन के ठीक सामने स्टेट हाईवे पर जल भराव समस्या हल करने फिलहाल मप्र सड़क विकास निगम द्वारा पेवर्स ब्लॉक बिछाए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



शहर में सीएम राइज़ स्कूल के निर्माणाधीन भवन के ठीक सामने स्टेट हाईवे पर जल भराव समस्या चार वर्षों से है। समस्या के अस्थाई निराकरण के लिए फिलहाल मप्र सड़क विकास निगम द्वारा पेवर्स ब्लॉक बिछाए जाएंगे।

हरिभूमि ने समस्या समाधान को लेकर रविवार दोपहर मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम सहायक प्रबंधक पीके निमझे से चर्चा की। निमझे ने बताया कि गत दिनों ही शासन स्तर पर पेवर्स बिछवाने के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। उन्होंने बताया कि लगभग डेढ़ सौ मीटर की लंबाई व सात मीटर चौड़ाई में स्टेट हाईवे पर पेवर्स लगाए जाएंगे। निमझे के अनुसार सड़क पर हुए गड्ढों के पुराव के लिए पेवर्स लगाए जाएंगे। ताकि सड़क में टूटफूट ना हो और वाहनों की सतत आवाजाही जारी रहे। उन्होंने बताया कि 10 सेंटीमीटर मोटाई के मजबूत पेबल्स लगाने का प्रस्ताव पर स्वीकृति मिलते ही काम प्रारंभ किया जाएगा।



प्रशासन ने दिया शीघ्र ही सड़क सुधार का आश्वासन, तब माने भाजपाई

सोहागपुर में खस्ताहाल स्टेट हाईवे को लेकर भाजपा का धरना, लगा लंबा जाम

भाजपाईयों ने दिया था धरना

उल्लेखनीय है कि भाजपा सोहागपुर मंडल अध्यक्ष अश्वनी सरोज के नेतृत्व में समस्या समाधान की मांग को लेकर भाजपाईयों व आमजनों ने शनिवार को समस्याग्रस्त स्थल पर धरना दिया था। प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर आश्वासन दिया था कि शीघ्र ही समस्या समाधान के प्रयास होंगे। इसके बाद धरना इस चेतावनी के साथ समाप्त किया गया था कि जल्द समस्याग्रस्त स्थल पर आवाजाही की स्थिति सुचारू नहीं की जाती है तो पुनः आंदोलन का सामना प्रशासन को करना पड़ेगा।

सीसी रोड एकमात्र विकल्प

इधर तकनीकी जानकारों ने बताया कि लगभग 100 मीटर लंबाई में वर्तमान ऊंचाई से एक फीट ऊंची सीसी रोड बनाना ही समस्या समाधान का एकमात्र विकल्प है। जानकारों के अनुसार सड़क को ऊंची करते हुए पुरानी पुलिया को खोला जाए। इसके स्थल पर अधिक डायमीटर के दो पाइप भी लगाने होंगे, ताकि स्टेट हाईवे के पूर्व दिशा से पानी का बहाव पश्चिम की ओर हो सके। वहीं नागरिकों ने कहा कि पानी की निकासी के लिए भी नाला अथवा नाली का विकल्प प्रशासन को खोजना होगा।

स्वीकृति की प्रतीक्षा

सोहागपुर के समस्याग्रस्त स्थल पर पेवर्स लगाने का प्रस्ताव भेजा है। स्वीकृति मिलते ही तत्काल कार्य किया जाएगा।

पीके निमझे, सहायक प्रबंधक, मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम नर्मदापुरम।

पुलिस ने हेलमेट नहीं पहनने वालों पर की चालानी कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

पुलिस ने रविवार दोपहर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत हेलमेट ना पहनने वाले बाईकर्स के खिलाफ कार्रवाई की है। टीआई गिरीश त्रिपाठी ने बताया कि कार्यवाही के दौरान पुलिस टीम ने 30 प्रकरणों में 9000 रुपए का समन शुल्क वसूल किया है।

साथ ही बाइकर्स को समझाया गया है कि हेलमेट पहनकर ही बाइक चलाएं। बिना हेलमेट पहने वाहन चलाने से दुर्घटना हो सकती है एवं जानमाल की क्षति हो सकती है।

संकट तो बरकरार

इधर नागरिकों का कहना है कि हेलमेट नहीं पहनने वालों से जुर्माना वसूली ना करते हुए उनसे मौके पर ही शुल्क लेकर हेलमेट दिए जाने चाहिए। क्योंकि बिना हेलमेट पहने व्यक्ति को जुर्माना लगाकर छोड़ दिया जाता है। इससे बाइकर्स के आगे बढ़ने पर दुर्घटना की आशंका तो बनी ही रहती है। फिर पुलिस की कार्रवाई का जनता को क्या लाभ होगा? क्योंकि कार्यवाही से पुलिस को तो समन शुल्क मिलता है, लेकिन बिना हेलमेट पहने बाइकर की जान पर तो तब भी संकट मंडराता रहता है।

ट्रेंचिंग ग्राउंड पर फंस रहे कचरा वाहन, शहर में सफाई व्यवस्था बाधित

सोहागपुर। शहर के कचरे के एकत्रीकरण के लिए नगर परिषद का ट्रेंचिंग ग्राउंड तय है। जहां अभी अत्यधिक कीचड़ है। कचरा डंपिंग वाहन यहां फंस जाते हैं तथा वार्डो में समय पर वाहन पहुंचना संभव नहीं हो पा रहा है। इससे शहर की सफाई व्यवस्था बिगड़ी पड़ी है। नगर परिषद से व्यवस्था सुधार की मांग नागरिकों ने की है।

तीसरे वर्ष में मटकी फोड़ प्रतियोगिता हुई संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

वार्ड नंबर 12 में जिला खटिक समाज के अध्यक्ष राहिल सोनकर के संयोजन में लगातार तीसरे वर्ष जन्माष्टमी पर मटकी फोड़ प्रतियोगिता हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुई। पहले दिन कोई भी प्रतिभागी मटकी नहीं फोड़ सका। इसके बाद दूसरे दिन महिलाओं को मौका दिया गया, जिसमें कलावती बामने ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मटकी फोड़ी और प्रतियोगिता की विजेता बनीं। उन्हें 3100 रुपये नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के पहले दिन भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राहुल चौरे और गोपाल शर्मा उपस्थित रहे। वहीं दूसरे दिन पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष मयूर जायसवाल, जिला कांग्रेस महासचिव रजनीकांत सोनकर और पूर्व पार्षद अनीता सोनकर सहित वार्ड के तमाम गणमान्य नागरिक और युवा बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

नक्शा बदलकर लागत घटाई, घटिया निर्माण पर कलेक्टर नाराज, 3 साल बाद भी 43 करोड़ का सांदीपनि स्कूल अधूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सांदीपनि विद्यालय के नए भवन निर्माण में बड़े पैमाने पर अनियमितता और लापरवाही का मामला सामने आया है। स्वीकृत योजना में बिना अनुमति संशोधन कर नक्शा बदलने और 3 वर्ष बीत जाने के बाद भी निर्माण कार्य पूरा न होने पर प्रशासनिक अधिकारियों ने कड़ा रुख अपनाया है। कलेक्टर सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक सांई कृष्णा थोटा, एसडीएम आकिप खान, तहसीलदार वैभव बैरागी, बीईओ श्रीलाल रघुवंशी और प्राचार्य संजीव दुबे ने शोभापुर रोड स्थित विद्यालय परिसर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान भवन अधूरा मिला।



43 करोड़ का एस्टीमेट किया 29.50 करोड़

निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक दल को अवगत कराया गया कि विद्यालय भवन के लिए 43 करोड़ का एस्टीमेट और नक्शा स्वीकृत किया गया था। हालांकि, सूत्रों के अनुसार ठेकेदार ने मनमाने ढंग से स्वीकृत नक्शे में संशोधन करते हुए परियोजना की लागत घटाकर 29.50 करोड़ कर दी। इसके अलावा, निर्माण कार्य में भारी अनियमितताएं पाई गईं—छत से पानी का रिसाव हो रहा है, कई हिस्सों का प्लास्टर उखड़ रहा है और बाउंड्री वॉल सहित कई महत्वपूर्ण कार्य अधूरे छोड़ दिए गए हैं।

जांच कराने के निर्देश

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने निर्माण की घटिया गुणवत्ता और नक्शा बदलने पर कड़ी नाराजगी जताते हुए एसडीएम आकिप खान को पूरे मामले की विस्तृत जांच करने तथा दोषी ठेकेदार व संबंधितों पर तत्काल FIR दर्ज कराने के स्पष्ट निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने आदेश जारी किया कि जब तक ट्रांसफार्मर, जनरेटर, फर्नीचर, कंप्यूटर लैब, लैबोरेटरी, बिजली कनेक्शन और वॉटरप्रूफिंग सहित पूरा निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ पूर्ण नहीं हो जाता, तब तक शिक्षा विभाग इस भवन का आधिपत्य स्वीकार नहीं करेगा।

भटक रहे अभिभावक

भवन अधूरा होने का सीधा असर विद्यार्थियों की पढ़ाई पर पड़ रहा है। वर्तमान में 9 शासकीय विद्यालयों को इसमें समायोजित किया गया है, जहाँ 1,450 विद्यार्थी और करीब 35 शिक्षक पदस्थ हैं। प्राचार्य संजीव दुबे और बीईओ श्रीलाल रघुवंशी ने बताया कि विद्यालय में कुल 2,100 विद्यार्थियों को प्रवेश देने का लक्ष्य रखा गया है, लेकिन कार्य अधूरा होने से नए एडमिशन रोके गए हैं। परेशान अभिभावक लगातार चक्कर काटने को मजबूर हैं।

पुलिस ने जुआ फड़ पर दी दबिश, 5 जुआरी पकड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

लगातार क्षेत्र में जुआ फड़की सूचना पुलिस को मिल रही थी 4 अगस्त को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त मिली कि ग्राम आरी में सीताफल के बगीचे में जुआ चल रहा है। सूचना तस्दीक हेतु एवं कार्यवाही हेतु पुलिस टीम गठित कर मुखबिर द्वारा बताये स्थान पर पहुंचकर देखा कुछ व्यक्ति ग्राम आरी में सीताफल के बगीचे में ताश के पत्तो पर रूपयों का हार जीत का दाव लगाकर जुआ खेलते दिखे। पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर पांच व्यक्तियों को पकडकर नाम पता पुछने पर अपना नाम (1) संदीप पिता गोपाल साहू उम्र 35 साल निवासी ग्राम आरी, (2) सोहेल उर्फ गुफरान पिता सब्दर बेग उम्र 26 साल निवासी ग्राम भटवाड़ा, (3) रोहित पिता गुलाब पासी उम्र 32 साल निवासी ग्राम आरी, (4) मुन्ना पिता रामदास यादव उम्र 52 साल निवासी ग्राम भटवाड़ा, (5) अर्जुन पिता गेन्दा लाल यादव उम्र 34 साल निवासी मजलपुर का होना बताया।

जिनसे जुआ फड एवं पास से पंचानों के समक्ष कुल नगदी 6600/रूपये एंव तास के 52 पत्ते जप्त किये बाद मौके से पूछताछ हेतु पुलिस स्टाफ ने साक्षियों के आरोपियों को सीताफल के बगीचे से थाने लेकर आए आरोपियों से पूछताछ के दौरान आरोपी रोहित पासी ने मेमोरेण्डम मे बताया कि को ग्राम आरी मे सीताफल के बगीचे मे ग्राम आरी का छोटू उर्फ अजय अहिरवार व धनपाल राजपूत भी जुआ खिलाते है। जो मौके से भाग गये थे। आरोपी के मेमोरेण्डम के आधार पर छोटू उर्फ अजय अहिरवार एवं धनपाल राजपूत को आरोपी बनाया गया है । इस दौरान थाना प्रभारी माख नगर निरी0 कंचन सिंह , सउनि0 अशोक अठोले, प्रआर0 117 दिलीप चौरे आदि की भूमिका रही।

लीनेश क्लब ने शिक्षक दिवस पर किया शिक्षिका का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



लीनेश क्लब सोहागपुर ने शिक्षक दिवस के अवसर पर गत दिवस ब्लॉक के ग्राम आमदेही के शासकीय स्कूल में आमद दी व स्कूल में पदस्थ शासकीय शिक्षिका अल्का तिवारी सोहागपुर का सम्मान किया। वहीं क्लब पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने गांव के आगनवाड़ी केंद्र में बच्चो के साथ जन्माष्टमी मनाई। बच्चों को क्लब की ओर से उपहार भी दिए गए। इस दौरान लीनेश क्लब अध्यक्ष नंदनी साहू, सचिव शालिनी चौहान, कोषाध्यक्ष मंजू दुबे, अर्चना खण्डेलवाल, क्षमा दीवान, कल्पना रघुवंशी, भावना खण्डेलवाल व सदस्य उपस्थित रहे।

लायंस क्लब ने किया भोजन शाला का शुभारंभ

पिपरिया। लायंस क्लब पिपरिया सिटी एवं लायंस क्लब नर्मदा के द्वारा हनुमान मंदिर पुराने गल्ला मंडी में निशुल्क भोजन शाला का शुभारंभ किया गया। शाम के समय खिचड़ी जरूरत मंदों को वितरित करके शुभारंभ किया गया। वर्तमान भोजन शाला प्रभारी ने बताया कि भोजन शाला का शुभारंभ लायन्स क्लब लायन साथियों के आर्थिक सहयोग से श्रम दान से संचालित किया गया है।इसे निरंतरता प्रदान करने के लिए प्रत्येक सदस्य और नागरिकों से अपेक्षा जताईं है। इस दौरान गेट एरिया लीडर सहित अन्य सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

पीएम श्री बागरा में शिक्षक दिवस पर हुआ शिक्षक सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

पी एम श्री शा.उ.मा.विद्यालय बागरातवा मे शनिवार को शिक्षक-दिवस का गरिमापूर्ण आयोजन किया गया।जिसमें विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये । शिक्षक दिवस के आयोजन में मुख्य अतिथि समाजसेवी डॉ. अतुल सेठा ,एवं डॉ. सौरभ गुप्ता द्वारा भी विद्यालय के समस्त शिक्षकों का सम्मान किया । एवं इस अवसर पर अतिथियों ने शिक्षक के महत्व पर विस्तार से अपना वक्तव्य दिया। शिक्षक दिवस समारोह कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि आदि शामिल रहे।

भारत उदय गुरुकुल गूजरवाड़ा में मना शिक्षक दिवस, शॉल श्रीफल से शिक्षक हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



मप्र जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था गुरुदेव शिक्षा एवं समाज सेवा समिति माखन नगर जिला नर्मदापुरम में सेक्टर क्रमांक 4 में भारत उदय गुरुकुल स्कूल गूजरवाड़ा में शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी का जन्म दिवस मनाया।कार्यक्रम के शुभारंभ में संस्था प्रमुख नीतिराज सिंह यादव ने डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के जीवन पर प्रकाश डाला इस अवसर पर शासकीय शिक्षक सेवा से वर्ष 1996 में सेवानिवृत मनोहरलाल दुबे ने गुरु की महत्ता का वर्णन किया। कार्यक्रम में माखन नगर से पधारे स्वतंत्रता सेनानी परिवार से दीपक वर्मा , संजय वर्मा ,संकुल प्राचार्य बागरातवा से विकेशसिंह राजपूत,मनोज यादव ,पप्पू यादव सीबीएम ,भारत उदय गुरुकुल प्राचार्य वीरेंद्र यादव,नीतिराजसिंह यादव समिति अध्यक्ष,मनोज परसाई सचिव, वरिष्ठ समाजसेवी उदयसिंह राजपूत,सतीश यादव, प्रदीप यादव, चंद्रमोहन , रीता यादव यशोदा यादव वैशाली चौरे आदि मौजू रहे।

लंबित समस्याओं की मांग को लेकर कर रहे धरना

2 सप्ताह से आदिवासी बैठे हैं धरने पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



नगर विगत 2 सप्ताह से सर्व आदिवासी समाज सैकड़ो की संख्या में तहसील के सामने अपनी समस्याओं के निराकरण धरने पर बैठे हैं। अभी तक तहसीलदार के अलावा कोई सक्षम वरिष्ठ अधिकारी उनसे चर्चा के लिए उनके पास नहीं पहुंचा है। आदिवासी समाज के कृष्ण मस्कोले आशीष उईके ने बताया कि हमारी मांग है ग्राम खखरा पूरा, डांगपुरा कि जिस भूमि पर हम काबिज थे। वहां प्रशासन ने अतिक्रमण बताकर अन्याय पूर्ण बेदखल कर दिया है हमें उसे जमीन के पट्टे दिए जाएं। ग्राम मुहासा में आदिवासियों की जमीन बाहर से आई हुई कंपनी छीनने में लगी हुई है उन्हें रोका जाए कार्रवाई की जाए। वन विभाग की बीट क्रमांक 193 रकबा 66 हेक्टेयर जमीन की प्रमाणित सत्य प्रतिलिपि देने की मांग की गई है। विस्थापित ग्राम खामदा के चार हितग्राहियों को आवंटन की गई भूमि की प्रमाणित प्रति दी जाए कब किस विभाग ने आवंटित की है और वह किस विभाग के पास कैसे हस्तांतरित हुई। ग्राम धमासा के आदिवासी जिस जमीन पर काबिज होकर खेती कर रहे हैं उन्हें पट्टे प्रदान किए जाएं ग्राम माना गांव बुधवाडा गुजर वाड़ा में पट्टे आदिवासियों के नाम है और जमीन पर गैर आदिवासी बाहुबली का कब्जा है ऐसे अतिक्रमणकारियो को हटाकर पट्टे धारियो को जमीन दिलाई जाए। धमासा एवं आदिवासी बहुल गांव मोहल्ले में सड़कों की बुरी हालत है सड़क निर्माण कराया जाए हम दो हफ्ते से ज्यादा गए हैं धरने पर बैठे हैं प्रशासन का हमारी समस्याओं के निराकरण के लिए पहल करता हुआ नजर नहीं आ रहा है जिला कांग्रेस अध्यक्ष गुड्डुन पांडे ने पंडाल में आदिवासियों के बीच पहुंच कर वन विभाग के अधिकारियों को फोन लगाया लेकिन फोन पर बात नहीं हुई तब धरने पर बैठे आदिवासियों के पंडाल से ही कलेक्टर को फोन लगा कर बात की उन्होंने आदिवासियों को बताया। कलेक्टर ने कहा आदिवासी समाज के लोग धरने पर बैठे हैं संज्ञान में हैं। आप वन विभाग के डी एफ ओ से प्रतिनिधि मंडलके साथ मुलाकात कर लें।

मटकी फोड़ प्रतियोगिता में दिखा उत्साह, एसडीएम भी हुए शामिल

श्रीकृष्ण की लीलाओं से सजा शबरी कन्या परिसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर माता शबरी आवासीय कन्या शिक्षा परिसर लाड़कुई में शुक्रवार को रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म से लेकर उनकी विभिन्न लीलाओं का मंचन कर सभी का मन मोह लिया। वहीं मटकी फोड़ प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया।

कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सुधीर कुशवाह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद छात्राओं ने नृत्य, भजन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। श्रीकृष्ण की जीवन लीला पर आधारित मंचन के माध्यम से छात्राओं ने भगवान कृष्ण के बाल स्वरूप और उनके जीवन से जुड़े प्रसंगों को प्रस्तुत किया। परिसर में आयोजित मटकी फोड़ प्रतियोगिता कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रही। छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और उपस्थित लोगों ने उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान एसडीएम सुधीर कुशवाह ने छात्राओं को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं देते हुए भगवान श्रीकृष्ण के जीवन और उनके संदेश से प्रेरणा लेने की बात कही। कार्यक्रम में लाड़कुई वन परिक्षेत्र अधिकारी प्रकाशचंद उइके, मंडल संयोजक जनजातीय कार्य विभाग अर्जुन सिंह सोलंकी, लाड़कुई ग्राम पंचायत सरपंच रूप सिंह वनबारी, जनशिक्षक सूरज सिंह राजपूत सहित अधीक्षिका दुर्गा सैनी, अधीक्षक मोहन लाल जाट और अधीक्षिका रजनी मालवीय मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन गिरजेश गहलोत ने किया। सुनील कुमार मालवीय ने आभार व्यक्त किया। इसी क्रम में एसडीएम ने राजा शंकर रघुनाथ शाह जनजातीय बालक छात्रावास और रानी दुर्गावती कन्या छात्रावास का निरीक्षण भी किया।

खबर संक्षेप

अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई, दो गिरफ्तार

हरदा। अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में करताना पुलिस ने शनिवार को कार्रवाई की। बाइक से कच्ची महुआ शराब का परिवहन कर रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनके कब्जे से चार कुप्पों में भरी 60 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद की। शराब की कीमत करीब 12 हजार रुपए बताई गई है। बाइक सहित जब्त सामग्री की कुल कीमत करीब 42 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस के अनुसार चौकी करताना टीम ने हरदा- छीपानेर मेन रोड पर ग्राम पुरा तालाब के पास घेराबंदी की। संदिग्ध बाइक सवारों को रोका। तलाशी में शराब मिलने पर आरोपी उत्तम (55) पिता घनश्याम प्रजापत निवासी अन्नापुरा और अखिलेश (36) पिता खलियान सिंह मेषकर निवासी टंकी मोहल्ला, हरदा को गिरफ्तार किया।

पिछले 24 घंटे में जिले में 3.9 मिमी औसत वर्षा

हरदा। जिले में गत चौबीस घंटों में 3.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 13.5 मि.मी., टिमरनी में 5.7 मि.मी., खिरकिया में 0 मि.मी., सिराली में 0.5 मि.मी. तथा रहटगांव में 0 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 663.9 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 691.2 मि.मी., टिमरनी में 706.9 मि.मी., खिरकिया में 746.8 मि.मी., सिराली में 597.7 तथा रहटगांव में 577.1 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष की 6 सितम्बर तक 1015.6 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी थी।

मदिरा के अवैध विक्रय व संग्रहण के विरूद्ध 12 प्रकरण दर्ज किए

हरदा। आबकारी विभाग के दल ने शनिवार को मदिरा के अवैध विक्रय, परिवहन व संग्रहण के विरूद्ध कार्यवाही की। जिला आबकारी अधिकारी सुनील भोजने ने बताया कि इस दौरान आबकारी विभाग के दल ने जिले के ग्राम टेमलावाड़ी, कानपुरा, जूनापानी, भवरदी रैयत, मोरगड़ी, बाबा ढाबा मोरगढ़ी, बाबा भैरव ढाबा छुरीखाल, नितिन ढाबा मोरगढ़ी, सोनपुरा, चारुआ एवं हरदा के बैरागढ़, पीलियाखाल, कुलहरदा, दूध डेयरी मोहल्ला व खेड़ीपुरा में दबिश दी। दबिश के दौरान कुल 40 पाव देशी प्लेन शराब, 8 पाव देशी मसाला शराब, 10 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब, एक ऑफिसर चॉइस व्हिस्की बोतल एवं 770 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त कर मप्र आबकारी अधिनियम के तहत 12 प्रकरण दर्ज किए।

संस्कृत की अलख जगाने वाली शिक्षिका सम्मानित

हरदा। संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार, शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान, शैक्षणिक नवाचार एवं सामाजिक सेवा कार्यों में सक्रिय सहभागिता के लिए हरदा की शिक्षिका हेमलता अग्रवाल को विपिन जोशी स्मारक समिति द्वारा आयोजित 42वें राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह में प्रतिष्ठित अग्रसेन सम्मान से सम्मानित किया गया। हेमलता अग्रवाल वर्तमान में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, हरदा में उच्च माध्यमिक शिक्षक (संस्कृत) के रूप में सेवाएं दे रही हैं।

सर्व ब्राह्मण समाज संगठन ने 201 शिक्षकों का किया सम्मान

मनोहरलाल शर्मा की स्मृति में परशुराम शिक्षा रत्न सम्मान से शिक्षकों को नवाजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



सर्व ब्राह्मण समाज संगठन द्वारा शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार शाम को स्व.मनोहरलाल शर्मा की स्मृति में परशुराम शिक्षा रत्न सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान मंचासीन डॉ प्रभुशंकर शुक्ल, डॉ अरविंद शुक्ला,पंडित राजेश शर्मा,पंडित बलराम जोशी,संजय शर्मा ,सर्व ब्राह्मण समाज संगठन के अध्यक्ष सुनील तिवारी,कार्यवाहक अध्यक्ष आचार्य ओमप्रकाश पुरोहित,संयोजक नितेश बादर रहे।समारोह के दौरान निजी एवं सरकारी विद्यालयों में अध्यापन कार्य कर रहे शिक्षक शिक्षिकाओं सहित गुरुकुल संचालित कर रहे गुरुओं एवं सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान किया गया। अतिथियों ने शिक्षकों को दुपट्टा, स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया।

इस दौरान 201 शिक्षकों का सम्मान हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान परशुराम के पूजन एवं दीप प्रज्वलन से हुई।स्वागत उदबोधन महामंत्री उत्तम तेनगुरिया ने दिया,वहीं संगठन की गतिविधियों की जानकारी अध्यक्ष सुनील तिवारी ने दी।इस दौरान प्राचार्य त्रिलोक शर्मा,भुवनेश्वरी पांडे,कपिल दुबे, मैडम तिवारी,बालक सक्षम अग्निहोत्री ने अपने विचार व्यक्त किए।मुख्य अतिथि डॉ प्रभुशंकर शुक्ल ने कहा कि हमें ब्राह्मणत्व को पहचानकर उसे आत्मसात करना चाहिए,वहीं ब्राह्मण अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति भी सजग रहे।उन्होंने प्रभावी उदबोधन से श्रोताओं को जोड़कर जयकारे भी लगवाए। डॉ अरविंद शुक्ला ने संगठनात्मक एकता के साथ ब्राह्मण शिक्षक शिक्षिकाओं के दायित्वों पर अपने विचार रखे। पंडित राजेश शर्मा ने गुरुकुल में दी जा रही शिक्षा की जानकारी देते हुए आयोजन की सराहना की। पंडित बलराम जोशी ने शिक्षा प्रसार को उत्तम कार्य बताया।इस दौरान पंडित ओमप्रकाश पुरोहित ने भी संबोधित किया।अंत में आभार उपाध्यक्ष रोहित तिवारी ने व्यक्त किया।कार्यक्रम के दौरान संरक्षक चंद्रकांत शुक्ला ,कोषाध्यक्ष गजानंद डाले,वरिष्ठ समाजसेवी बीपी तिवारी,मुन्ना पाराशर,पेंशनर्स एसोसिएशन से अनिल अग्निहोत्री,कार्यक्रम प्रभारी राजेंद्र शर्मा,रोहित तिवारी, नगर अध्यक्ष दीपक शुक्ला,महामंत्री सौरभ तिवारी,एसबी जोशी,महिला इकाई अध्यक्ष विनीता राजोरिया, सचिव अदिति गुरु,संरक्षक मीना ओझा,पूजा राजवैद्य,शानू शर्मा,युवा इकाई कार्यकारी अध्यक्ष सुदीप मंडलोई,सचिव नवीन शर्मा,प्रशांत शर्मा,दीपक चौबे,कान्हा,प्रतीक शर्मा, शुभम वशिष्ठ सहित समाजजन उपस्थित थे।

शिक्षकों पर हुई पुष्प वर्षा

कार्यक्रम के दौरान मुख्य कार्यकारिणी के पदाधिकारियों सहित युवा इकाई एवं महिला इकाई के सदस्यों ने शिक्षक गण पर पुष्प वर्षा की। शिक्षकों पर हुई पुष्प वर्षा एवं मिले सम्मान से शिक्षकों की आँखे नम हो गई, वहीं उन्होंने इस सम्मान की सराहना भी की। सर्व ब्राह्मण समाज संगठन के अध्यक्ष सुनील तिवारी ने बताया कि सम्माननीय शिक्षकगण के सम्मान के लिए उज्जैन से 1 क्विंटल गुलाब के फूल मंगाए गए थे,शिक्षकों पर पुष्पवर्षा कर हम सभी गौरवान्वित हुए है। हमारे कार्यक्रम के बाद रामरक्षा स्त्रोत, हनुमान चालीसा पाठ सहित रामधुन हुई,जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया।

धनपाड़ा में 7 से 9 सितंबर तक होगा स्वामित्व अधिकार अभिलेखों का निष्पादन एवं पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रहटगांव

प्रदेश में ग्रामीण आबादी क्षेत्र की संपत्तियों के स्वामित्व अधिकार अभिलेखों के निःशुल्क पंजीयन के लिए स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन 2026 योजना प्रारंभ की गई है। योजना के तहत नागरिकों को उनकी संपत्तियों का विधिसम्मत पंजीयन विलेख उपलब्ध कराया जाएगा। इससे संपत्ति के आधार पर बैंकों एवं अन्य वित्तीय संस्थानों से ऋण तथा अन्य वित्तीय सेवाओं का लाभ लेने में सुविधा होगी। राज्य में योजना के अंतर्गत निजी स्वत्व की करीब 50 लाख संपत्तियों के स्वामित्व अधिकार अभिलेखों के पंजीयन विलेख निष्पादित किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। योजना का क्रियान्वयन के माध्यम से आवेदन, रअफअ के माध्यम से सत्यापन तथा रअटढअऊअ के माध्यम से पंजीयन की प्रक्रिया के जरिए किया जाएगा।

वर्तमान में धनपाड़ा को पायलट ग्राम के तौर पर लिया

इसी योजना के तहत रहटगांव तहसील के ग्राम धनपाड़ा को पायलट ग्राम के रूप में चिन्हित किया गया है। ग्राम के शंकर मंदिर प्रांगण में 7, 8 एवं 9 सितंबर 2026 को स्वामित्व अधिकार अभिलेखों के निष्पादन एवं पंजीयन की प्रक्रिया के लिए शिविर आयोजित किया जाएगा। इसमें आबादी क्षेत्र में निवासरत पात्र ग्रामीण प्रातः 10 बजे से उपस्थित होकर आवश्यक प्रक्रिया पूरी करा सकेंगे। तहसीलदार रहटगांव शंकर सिंह रघुवंशी ने बताया कि वर्तमान में धनपाड़ा को पायलट ग्राम के तौर पर लिया गया है। इसके बाद तहसील के अन्य ग्रामों में भी जल्द ही स्वामित्व योजना के तहत यह कार्य प्रारंभ किया जाएगा। उन्होंने सभी संबंधित भूमिस्वामियों से अपनी समग्र एवं आधार की केवाईसी पूर्ण कराने तथा खसरा लिंक रखने की अपील की है, ताकि आगामी स्वामित्व पंजीयन की प्रक्रिया में किसी प्रकार की परेशानी न हो। शिविर में आने वाले हितग्राहियों को अपने साथ आधार कार्ड, समग्र आईडी एवं मोबाइल फोन की जानकारी लेकर आने को कहा गया है।

दो दिवसीय कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग संपन्न, कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया

भारतीय किसान संघ का 30 को दिल्ली में होगा महिला किसान सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



भारतीय किसान संघ का दो दिवसीय कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग पूरा हुआ। इसमें संगठन ने महिला किसानों और जनजाति समाज के किसानों को भी जोड़ने का फैसला किया। संघ की ओर से 30 सितंबर को दिल्ली में महिला किसान सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। साथ ही सदस्यता अभियान को 1 लाख गांवों तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। हरदा के गौर छात्रावास में आयोजित अभ्यास वर्ग में अखिल भारतीय अध्यक्ष के. सांई रेड्डी, क्षेत्रीय संगठन मंत्री महेश चौधरी और प्रांत संगठन मंत्री भरत पटेल ने कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया। इसमें तहसील, जिला, संभाग और प्रांत स्तर के कार्यकर्ता शामिल हुए। दो दिनों तक संगठन के विस्तार, सदस्यता अभियान और आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई।

अभ्यास वर्ग के दौरान जिले के 200 कार्यकर्ताओं ने अगले सदस्यता अभियान में 2 लाख 1 हजार किसानों को संगठन से जोड़ने का संकल्प लिया। क्षेत्रीय संगठन मंत्री महेश चौधरी ने बताया कि संगठन का मुख्य उद्देश्य राष्ट्र हित के साथ किसान हित को प्राथमिकता देना है। उन्होंने आगामी सदस्यता अभियान के लक्ष्य और जिले में होने वाले मातृशक्ति सम्मेलन की तैयारियों की जानकारी दी।

हर रविवार बच्चों को भारतीय संस्कृति, नैतिक शिक्षा और जीवन मूल्यों की दी जाएगी जानकारी

सिराली में बच्चों को संस्कारों से जोड़ने की पहल, शंकर मंदिर में शुरू होगी 'सनातन संस्कार कार्यशाला'

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिराली



बदलते दौर में बच्चों को अपनी संस्कृति, परंपराओं और संस्कारों से जोड़ने के उद्देश्य से सिराली में सनातन संस्कार कार्यशाला शुरू की जा रही है। नगर के शंकर मंदिर परिसर में प्रत्येक रविवार आयोजित होने वाली इस कार्यशाला में बच्चों को भारतीय संस्कृति, सनातन परंपराओं, नैतिक शिक्षा और जीवन मूल्यों से परिचित कराया जाएगा।

आचार्य पंडित दिनेश शर्मा ने बताया कि वर्तमान समय में बच्चों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों और विरासत से परिचित कराना आवश्यक है। इसी उद्देश्य से कार्यशाला शुरू करने का निर्णय लिया गया है। इसमें बच्चों को संस्कार, अनुशासन, बड़ों का सम्मान, धार्मिक परंपराओं और भारतीय संस्कृति के विभिन्न पहलुओं की जानकारी सरल एवं रोचक तरीके से दी जाएगी। उन्होंने कहा कि बच्चों में छोटी उम्र से ही अच्छे संस्कार विकसित होने से उनके व्यक्तित्व का बेहतर निर्माण होता है। कार्यशाला का शुभारंभ रविवार से किया गया। इसके बाद प्रत्येक रविवार दोपहर 2 से 3 बजे तक शंकर मंदिर परिसर में कार्यशाला आयोजित होगी। आयोजकों ने क्षेत्र के माता-पिता से अपने बच्चों को कार्यशाला से जोड़ने का आग्रह किया है, ताकि उनमें संस्कार, नैतिक मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारियों की समझ विकसित हो सके। समाज के प्रबुद्धजनों ने इस पहल को वर्तमान समय की आवश्यकता बताते हुए कहा कि बच्चों को केवल किताबी ज्ञान देना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें परिवार, समाज और संस्कृति के प्रति अपने दायित्वों की जानकारी देना भी जरूरी है।

दिनेश सिंह राजपूत की प्रथम पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का किया आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ खिरकिया

स्व. दिनेश सिंह राजपूत की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर ग्राम टेमलाबाड़ी माल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए 131 यूनिट रक्तदान किया। शिविर का आयोजन बादल परिवार एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से तथा जय महाराणा रक्तदान समूह भारत, हरदा के तत्वावधान में किया गया। रक्तदान के माध्यम से स्व. दिनेश सिंह राजपूत को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मानव सेवा का संदेश दिया गया। शिविर में रक्तमित्र परमानंद सिंह बघेल की विशेष भूमिका रही। उनके मार्गदर्शन एवं सहयोग से रक्तदाताओं को रक्तदान के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों के पदाधिकारियों सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने भी उपस्थित होकर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया।

राजेंद्र महावीर को उत्कृष्ट समाजसेवी शिक्षक सम्मान से किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन



शिक्षाविद्, ओजस्वी वक्ता, चिंतक-विचारक, एवं लेखक राजेंद्र जैन 'महावीर' को शिक्षक दिवस के अवसर पर इंदौर में स्व. प्रदीप कुमार सिंह कासलीवाल की षष्ठम पुण्यतिथि पर उत्कृष्ट समाजसेवी शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया। दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन द्वारा आयोजित समारोह निर्यापक मुनि पुंगव सुधासागर महाराज ससंघ के सान्निध्य में हुआ। जैन को शाल, श्रीफल, प्रशस्ति-पत्र एवं पट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया।

मुनिश्री ने उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया। समारोह में फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोहर झांझरी, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राकेश सिंघई, अभ्युदय विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. स्वप्निल कोठारी, शिरोमणि संरक्षक पुष्पा कासलीवाल, महावीर ट्रस्ट इंदौर के अध्यक्ष अमित कासलीवाल, सुमतिधाम के प्रमुख मनीष सपना गोधा, सामाजिक संसद अध्यक्ष आनंद गोधा एवं निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश विनायका, नवीन गोधा एवं अनेक पदाधिकारी व समाजजन उपस्थित रहे। संचालन प्रदीप चौधरी ने किया।

शिक्षा नीति में दिया महत्वपूर्ण योगदान-फेडरेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आशीष चौधरी ने बताया कि राजेंद्र जैन महावीर ने वर्ष 2016 में मध्यप्रदेश विधानसभा के कैबिनेट कक्ष में एवं 2020में शिक्षा नीति में बदलाव को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव दिए थे। उन्हें अहिंसा इंटरनेशनल पुरस्कार, ज्ञान रत्न अलंकरण, वाग्मिता सम्मान एवं श्रवणबेलगोला में राष्ट्रीय आदर्श जैन युवा प्रशस्ति सम्मान सहित अनेक प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त हो चुके हैं।



विद्यार्थियों ने सीखी मिट्टी के गणेश प्रतिमा बनाना, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा


एमएसडब्ल्यू और बीएसडब्ल्यू पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों के लिए रविवार को एक विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण शुद्धता का संदेश देना और नागरिकों को इको-फ्रेंडली उत्सव मनाने के लिए प्रेरित करना था। प्रशिक्षण सत्र के दौरान 'माटी गणेश - सिद्ध गणेश' अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों को पर्यावरण-अनुकूल मिट्टी की गणेश प्रतिमाएं बनाने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। शिविर में उपस्थित सभी विद्यार्थियों ने पूरी तन्मयता से मिट्टी के गणेश बनाना सीखा।

कार्यक्रम के दौरान मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक राकेश वर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि यह विशेष अभियान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्लास्टर ऑफ पेरिस से बनी मूर्तियों के विसर्जन से हमारी पवित्र नदियां और जलीय जीव गंभीर रूप से प्रदूषित हो रहे हैं, साथ ही पर्यावरण को भी भारी नुकसान पहुंचता है।

बलराम जयंती महोत्सव में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में किया सम्मानित

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक खरगोन प्रदेश के तीन उत्कृष्ट जिला सहकारी बैंकों में से प्रथम अपेक्स सम्मान से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन



जिले के सहकारिता क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है कि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, खरगोन को उत्कृष्ट कार्यों एवं निर्धारित मापदंडों पर उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए प्रदेश के तीन उत्कृष्ट जिला सहकारी बैंकों में चयनित कर सम्मानित किया गया है। मध्यप्रदेश राज्य सहकारी बैंक मर्यादित, भोपाल द्वारा 27 अगस्त 2026 को जारी पत्र अनुसार, भारत सरकार के निर्देशानुसार उत्कृष्ट कार्य करने वाली जिला सहकारी बैंको एवं सहकारी संस्थाओं को पुरस्कृत करने के लिए निर्धारित मापदंडों के आधार पर प्रदेश के जिला सहकारी बैंकों एवं पैक्स संस्थाओं का मूल्यांकन किया गया। इस मूल्यांकन में खरगोन, विदिशा एवं देवास जिला सहकारी बैंकों को प्रदेश के तीन उत्कृष्ट जिला सहकारी बैंकों के रूप में चयनित किया गया।

इसी क्रम में 2 सितंबर 2026 को ग्वालियर के मेला ग्राउंड में आयोजित प्रदेश स्तरीय बलराम जयंती महोत्सव एवं सहकारी कृषक समागम में प्रदेश के उत्कृष्ट जिला सहकारी बैंकों एवं पैक्स संस्थाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक खरगोन को उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रथम अपेक्स सम्मान का प्रमाण-पत्र एवं नगद पुरस्कार संध्या रोकडे. प्र.मुख्य कार्यपालन अधिकारी को प्रदान किया गया। यह उपलब्धि खरगोन जिले में सहकारिता के क्षेत्र में किए जा रहे सतत प्रयासों, किसानों एवं पैक्स संस्थाओं के साथ बेहतर समन्वय तथा बैंक के अधिकारियों-कर्मचारियों की कार्यकुशलता, एवं समय-समय पर शीर्ष नेतृत्व द्वारा दिये गये आदेशों/निर्देशों का परिणाम है। प्रदेश स्तर पर बैंक का उत्कृष्ट जिला सहकारी बैंक के रूप में चयन होना खरगोन जिले के किसानों, सहकारी समितियों एवं समूचे सहकारिता परिवार के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि है।

बैंक के प्रशासक बीएल मकवाना, प्र.मुख्य कार्यपालन अधिकारी संध्या रोकडे एवं उपायुक्त सहकारिता खरगोन के. आर. आवासे ने इस सम्मान को जिले के किसानों एवं सहकारी संस्थाओं के विश्वास और सहयोग को समर्पित करते हुए कहा कि बैंक भविष्य में भी किसानों को बेहतर बैंकिंग एवं सहकारी सेवाएं उपलब्ध कराने तथा सहकारिता को और अधिक सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा। साथ ही संध्या रोकडे ने प्र.मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा यह भी बताया गया कि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, खरगोन को प्रदेश में प्रथम अपेक्स सम्मान का प्रमाण पत्र बैंक इतिहास में पहली बार प्राप्त हुआ है जो बैंक के लिए गौरव का विषय है।

निःसंतान दंपत्तियों को मिला कच्ची कैरी का प्रसाद, मन्नत लेने और उतारने उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन

शहर से करीब 10 किमी दूर ग्राम नागझिरी ऐसे चमत्कारी संत की समाधि स्थल के रुप में प्रसिद्ध है, जहां बेमौसम मिलने वाली कच्ची कैरी का प्रसाद ग्रहण करने से निःसंतान दंपत्तियों को संतान सुख मिलता है। ऐसी ही आस्था लेकर शनिवार को भी सैंकड़ों की संख्या में महिलाएं बाबा के समाधि स्थल पहुंचीं। यहां एक दिन पहले ही याने शुक्रवार से ही मन्नत लेने वाली महिलाएं मंदिर परिसर पहुंचने लगी थीं। कोई आंगन में किलकारी गुंजने की आस लिए तो कोई किलकारी गुंजने पर खुशी जताने के लिए संत बोंदरु बाबा की समाधि स्थल पहुंचा। इस दौरान लगे मेले में भी हजारों की संख्या में पहुंचे लोगों ने झूले, खेल-खिलौने खरीदने के साथ ही विभिन्न प्रसाधन की दुकानों पर खरीदारी की। खाने-पीने की दुकानों पर भी भारी भीड़ रही।